:: <u>कार्यालय ज्ञाप</u> ::

वर्तमान शैक्षिक सत्र 2017–18 के **सम संख्यक सेमेस्टर की आगामी मई 10, 2018** से प्रारम्भ हो रही **नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षाओं** के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) एवं पी0एच0डी0 (प्रथम वर्ष) में अध्ययनरत समस्त छात्रों से एतद्द्वारा अपेक्षा की जाती है कि वह सम संख्यक सेमेस्टर परीक्षा के प्रवेश पत्र के निर्गमन के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय शुल्क सहित उनके ऊपर किसी प्रकार की देयता नहीं बनती है। यदि किसी भी छात्र के संदर्भ में लेखा विभाग या अन्य विभाग/अनुभाग, छात्रावास या पुस्तकालय से देयता की सूचना प्राप्त होती है तो उसे प्रवेश पत्र तब तक निर्गमित नहीं किया जायेगा जब तक कि वह सम्बन्धित अनुभाग से निर्गमित अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर देता है। अतः छात्र अपने स्वयं के हित में अपनी अदेयता सुनिश्चित कर लें।

यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्रों द्वारा पारिवारिक आय रू0 2.00 लाख से न्यून होने के आधार पर शासन की शुल्क प्रतिपूर्ति सह छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थी के रूप में बिना पूर्ण शुल्क भुगतान के पंजीकरण कराया गया है एवं उनकी शुल्क प्रतिपूर्ति शासन के सम्बन्धित विभाग के स्तर से प्रतीक्षित/उनके बैंक खाते में सीधे स्थानान्तरित कर दी गई है, **उन समस्त छात्रों से अपेक्षा है कि वह शीर्ष प्राथमिकता पर संस्थान शुल्क को सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, एच0बी0टी0यू0 कानपुर शाखा के खाता सं0 01 में विलम्बतम दिनांक 20.04.2018 तक प्रत्येक स्थिति में जमा करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय शुल्क जमा करने के उपरान्त पावती का प्रतिपर्ण उपलब्ध कराने पर ही उनका सम संख्यक सेमेस्टर का परीक्षा प्रवेश जारी किया जायेगा।**

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर – 02

पत्र सं0 : /शैक्षिक/2018 **दिनांक : अप्रैल 11, 2018**

प्रतिलिपि :

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ कि जिन छात्रों पर देयता बनती हो, का नाम उल्लिखित करते हुये समस्त विवरण (एस0आर0नं0/रोल नं0/छात्र का नाम/वर्ष एवं विधा) बिलम्बतम दिनांक 30 अप्रैल, 2018 दिनांक सोमवार को अपरान्ह 02:00 बजे तक शैक्षिक अनुभाग को अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।
2. पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ कि जिन छात्रों पर देयता बनती हो का नाम उल्लिखित करते हुये समस्त विवरण (एस0आर0नं0/रोल नं0/छात्र का नाम/वर्ष एवं विधा) बिलम्बतम दिनांक 30 अप्रैल, 2018 दिनांक सोमवार को अपरान्ह 02:00 बजे तक शैक्षिक अनुभाग को अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।
3. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. श्री उमाशंकर राय, छात्रवृत्ति पटल सहायक को इस अपेक्षा के साथ कि जिन छात्रों की शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं प्राप्त हुई है उनका विवरण विलम्बतम् 03 मई, 2018 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

उक्त तिथि तक अदेयता न प्राप्त होने पर यह मान लिया जायेगा कि उनके विभाग में कोई देयता नहीं हे।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप